**प्रेस नोट**

**थाना रक्सा ,झांसी**

**दिनांक 20.04.2025**

- **अपहरण की घटना का सफल अनावरण, 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **कब्जे से घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्राली व अवैध असलाह कारतूस बरामद**
- **स्वाट, सर्वेलन्स व थाना रक्सा पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनाँक 19.04.2025 को थाना रक्सा पुलिस टीम थाना क्षेत्र में घटित अपहण की घटना की सफल अनावरण करते हुये घटना में संलिप्त 05 अभियुक्तों को अवैध असलहा-कारतूस व घटना कारित करने में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्राली के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**संक्षिप्त विवरण :-**

दिनांक 14.04.2025 को थाना रक्सा क्षेत्रान्तर्गत कस्बा रक्सा से माधव मोहन गुप्ता उर्फ आशीष गुप्ता पुत्र महेश कुमार गुप्ता निवासी ग्राम व पोस्ट रक्सा झाँसी को समय करीब 20:30 बजे दुकान बंद कर घर जाते समय हाइवे सर्विस रोड़ पर गोपाल आड़तिया के ट्रांसफार्मर के पास से अज्ञात बदमाशों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में जबरदस्ती डालकर अपहरण कर ले जाने के सम्बन्ध में उसके पिता श्री महेश कुमार गुप्ता द्वारा दिये गये लिखित सूचना के आधार पर थाना रक्सा में दिनाँक 15.04.2025 को मु0अ0सं0 89/2025 धारा 140(1) BNS पंजीकृत किया गया। अपहृत की बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु स्वाट, सर्वेलन्स सहित पुलिस की कई टीमें गठित की गयी। जिनके द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये दिनांक 16.04.2025 को अपहृत माधव मोहन गुप्ता को सकुशल बरामद किया गया। अपहृत माधव मोहन गुप्ता उपरोक्त द्वारा पूछताछ के दौरान घटनाक्रम के सम्बन्ध में बताया कि कस्बा रक्सा निवासी सूरज अहिरवार की रेकी के आधार पर घनेन्द्र, सुमित राजा, कमलेश पाल, शशिकांत, शिवा,गोलू द्वारा मिलकर उसका अपहरण किया गया। अभियुक्तों ने अपहृत माधव मोहन गुप्ता का मोबाइल छीनकर उसी के मोबाइल से उसके घर फोन करके डेढ़ करोड़ की फिरौती की माँग की गयी। उपरोक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहे थे, इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर दिनाँक 19.04.2025 को अभियुक्त 1. सूरज अहिरवार पुत्र स्व0 सुनील कुमार अहिरवार निवासी कल्यानपुरा कस्बा रक्सा थाना रक्सा जनपद झाँसी उम्र 24 वर्ष को समय 23:09 बजे पुनावली रोड़ पर ढिकौली तिराहे के पास थाना रक्सा, झाँसी से गिरफ्तार किया गया तथा 2. घनेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बड़े राजा पुत्र राजपाल सिंह नि0 ग्राम पटटी कुम्हरा थाना चिरगाँव जनपद झाँसी उम्र करीब 31 वर्ष 3. मनेन्द्र सिंह परमार उर्फ सुमित राजा पुत्र यादवेन्द्र सिंह परमार नि0 कटीली थाना उदगुआ जिला दतिया

(म.प्र.) 4. कमलेश पाल पुत्र जगमोहन पाल नि0 कठऊपहाड़ी थाना सेंधरी जिला निवाड़ी (म.प्र.) 5. शशिकान्त पाल पुत्र विजयराम नि0 कुम्हारिया थाना उन्नाव बालाजी जिला दतिया (म.प्र.) को आर्मी ग्राउन्ड थाना रक्सा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त घनेन्द्र प्रताप सिंह से 01 पिस्टल 32 बोर, 04 जिन्दा कारतूस 32 बोर व 02 मोबाईल फोन बरामद हुआ। बरामद मोबाइल फोन घनेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अपहृत माधव मोहन गुप्ता व एक राहगीर से छीने गये थे। घटना में प्रयुक्त 01 ट्रैक्टर स्वराज व ट्राली बरामद की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना रक्सा पर पूर्व में पंजीकृत अभियोग में सुसंगत धाराओं का समावेश करते हुये अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी। अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

1. घनेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बड़े राजा पुत्र राजपाल सिंह नि0 ग्राम पटटी कुम्हरा थाना चिरगाँव जनपद झाँसी उम्र करीब 31 वर्ष
2. मनेन्द्र सिंह परमार उर्फ सुमित राजा पुत्र यादवेन्द्र सिंह परमार नि0 कटीली थाना उदगुआ जिला दतिया म.प्र.उम्र करीब 33 वर्ष
3. कमलेश पाल पुत्र जगमोहन पाल नि0 कठऊपहाड़ी थाना सेंदरी जिला निवाड़ी म.प्र. उम्र करीब 20 वर्ष
4. शशिकान्त पाल पुत्र विजयराम नि0 कुम्हारिया थाना उन्नाव बालाजी जिला दतिया उम्र करीब 25 वर्ष
5. सूरज अहिरवार पुत्र स्वं सुनील कुमार अहिरवार नि0 कल्यानपुरा कस्बा रक्सा थाना रक्सा जनपद झाँसी उम्र 24 वर्ष

**बरामदगी-**

1. ट्रैक्टर स्वराज कम्पनी मॉडल नं0 960 इंजन नं0 473052/SYM18074 चेचिस नं0 WSCM69930908289 (रंग लाल) व ट्राली
2. 01 पिस्टल 32 बोर, 04 जिन्दा कारतूस 32 बोर
3. 02 मोबाईल फोन

**गिरफ्तार / बरामदगी करने वाली टीम -**

1.थानाध्यक्ष श्री परमेन्दर कुमार सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी
2. उ0नि0 श्री जितेदर सिंह तक्खर (प्रभारी स्वाट टीम झाँसी)
3.उ0नि0 श्री राहुल सिंह राठौर (प्रभारी सर्विलांस सेल झांसी)
4. उ0नि0 श्री नितिश कुमार थाना रक्सा जनपद झाँसी
5. उ0नि0 श्री रवि कुमार थाना रक्सा जिला झाँसी
6. हे0का0 दुर्गेश सिंह चौहान सर्विलांस सेल झाँसी

7. हे0का0 रजनीश सिंह सर्विलांस सेल झांसी
8.हे0का0 सदानंद यादव स्वाट टीम झांसी
9. हे0का0 शैलेन्द्र चौहान स्वाट टीम झाँसी
10. हे0का0 79 भगवान सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी
11. का0 रजत सिंह स्वाट टीम झांसी
12. का0 अतीक स्वाट टीम झाँसी
13. का0 सौरभ सिंह स्वाट टीम झांसी
14. का0 हर्षित चौहान स्वाट टीम झाँसी
15. का0 मुकेश जुरैल थाना रक्सा जनपद झाँसी
16. का0 642 श्याम प्रताप थाना रक्सा जनपद झाँसी
17. का0 276 शिव तिवारी थाना रक्सा जनपद झाँसी
18. का0 948 अशोक पटेल थाना रक्सा जनपद झाँसी
19. हे0का0 चालक रमेश त्रिवेदी स्वाट टीम झाँसी
20. आरक्षी चालक राजेश कुमार सिंह थाना रक्सा जनपद झाँसी